गेल (इंडिया) लिमिटेड

सतत विकास नीति

उद्देश्य :

स्कोप 1, 2 और 3 उत्सर्जनों को कम करने के उद्देश्य से गेल के नेट जीरो विजन और अन्य स्थायी प्राथमिकताओं के अनुरूप यह नीति पर्यावरणीय, सामाजिक, नियंत्रण और आर्थिक पहलुओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को व्यक्त करती है। यह नीति लक्ष्यों के निर्धारण, निगरानी, मूल्यांकन और कार्य निष्पादन की रिपोर्टिंग, लागू कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा सतत विकास सिद्धांतों सहित वैश्विक स्थिरता मानकों के लिए दिशानिर्देश के रूप में कार्य करती है।

हमारी आकांक्षा निम्नलिखित क्षेत्रों में कार्यों के माध्यम से हमारे सतत विकास को प्राप्त करना और निरंतर वृद्धि करना है:

पर्यावरणीय

- अधिक किफायती, विश्वसनीय और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों तक पहुंच को बढ़ाना
- संसाधन के उपयोग का अनुकूलन और स्थायी प्रचालनों के माध्यम से पर्यावरणीय निष्पादन में निरंतर सुधार
- व्यापार रणनीति के माध्यम से जलवायु संबंधी जोखिमों के प्रभावों को कम करना तथा अवसरों का प्रभावी ढंग से आकलन करना
- हमारे प्रचालन और उसके आसपास के क्षेत्रों में जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र का संरक्षण करना
- अधिक संवहनीय उत्पादों और प्रक्रियाओं का विकास करना

सामाजिक

- सभी हितधारकों के साथ उनकी समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए नियमित रूप से जुड़ना
- मानवाधिकारों का सम्मान करना, विविधता, इक्विटी और समावेश को बढ़ावा देना तथा हमारे कर्मचारियों के कल्याण को प्राथमिकता देना
- हमारे लोगों, संयंत्रों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और समुदायों के स्वास्थ्य, संरक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करना
- हमारी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में सतत विकास को एकीकृत करना
- स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना
- पर्यावरण, सामाजिक उत्तरदायित्व और नियंत्रण के क्षेत्रों में कर्मचारियों के कौशल का विकास

नियंत्रण

- नैतिकता और निगमित नियंत्रण के उच्चतम मानकों का अनुपालन करना
- उत्तरदायी और पारदर्शी रूप में सार्वजनिक नीति का समर्थन करना
- भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के लिए जीरो-टॉलरेंस की नीति बनाए रखना
- साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करना

तिथि : २४ जून, २०२४

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
गेल (इंडिया) लिमिटेड